मैया जी तेरा प्यार चाहिए

मैया जी तेरा प्यार चाहिए,
प्यार चाहिए तेरा दीदार चाहिए....

मैया जी के सिर पे मुकुट सजाएंगे,
माथे तिलक और बिंदिया लगाएंगे,
गले मे हीरा वाला हार चाहिए,
मैया जी तेरा प्यार......

तेरा दर है अनोखा कभी मिलता ना धोखा,
तेरे नाम वाला मंतर, मैया सबसे चोखा,
लाल लाल चुनड़ी गोटे दार चाहिए,
मैया जी तेरा प्यार.....

चमेली गुलाब जूही चंपा सजाऊंगा,
छोटी छोटी कलीयां मैं लेके आऊंगा,
सुंदर सुंदर फूलों का हार चाहिए,
मैया जी तेरा प्यार.......

आवो कभी घर मेरे बालक पुकारता,
कब आवे मैया मेरी रस्ता निहारता,
भजनों की प्यासा को भंडार चाहिए,
मइया जी तेरा प्यार......

H K PYASA

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32618/title/maiya-ji-tera-pyar-chahiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |